## प्रारुप–4

## प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

**कार्य का नाम :–** जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड रिखणीखाल में देवियोखाल – डाबरीसैण – डाबरी पल्ली–मुगयाखाल मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.350 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन।

आज दिनाँक **08.10.2020** को **लो0नि0वि0, लैन्सडौन,** द्वारा किमी0 0.00 से 4.00 तक प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से **श्री ध्यान सिह, वन दरोगा अनुभाग अधिकारी, अधारियाखाल व दरवान सिह वनवीट, अधिकारी ताड़केश्वर बीट,** राजस्व विभाग की ओर से श्री दीपक सिह नेगी, राजस्व उपनिरीक्षक पट्टी बदलपुर प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री विष्णु अपर सहायक अभियंता, व श्री अनिल कुमार नेगी, अमीन तथा स्थानीय प्रतिनिधि के रुप में श्रीमती चन्द्रकला देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य विकास खण्ड रिखणीखाल व श्री भुवनेश्वर प्रसाद पूर्व प्रधान ग्राम डाबरी पल्ली के रूप में प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखनो के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलो/समरेखणो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें **2901 मी0 नाप भूमि क्षे0 2.611 हे0, 178 मी0 वन पंचायत भूमि क्षे0 0.160 हे0 तथा 921 मी0 सिविल भूमि क्षे0 0.829 हे0** प्रभावित होगी। इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल **0.989 हे0 वन भूमि के** हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखण पर/चुने गये स्थल पर 20–30 व्यास वर्ग श्रेणी के 35 पेड़ बॉज, तथा 30–40 व्यास वर्ग श्रेणी के 25 पेड़ बॉज **कुल 60 पेड़ बॉज प्रजाति** के परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें **2500 मी0 नाप भूमि क्षे0 2.250 हे0,** तथा **500 मी0** सिविल वन भूमिक्षे**0 0.450 हे0,**एवं **1000 मी0 वन पंचायत भूमि क्षे0 0.900 हे0** प्रभावित होगी इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल **2.250 हे0 नाप भूमि 1.350 हे0** वन भूमि की आवश्यकता होगी। 78 पेड़ बॉज प्रजाति के 20–30 व्यास वर्ग श्रेणी के 48 पेड़ तथा 30–40 व्यास वर्ग श्रेणी के 30 पेड़ परियोजना के निर्माण से प्रभावित होगें।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण प्रभावित सिविल वन भूमि पर बॉज प्रताति के वन है जिनका वर्तमान वन आच्छादन 10 प्रतिशत –40 प्रतिशत है। प्रभावित होने वाली नाप भूमि पर कोई वृक्ष मौजूद नही है। चुने गये समरेखण का प्रारम्भ होने के स्थल का GPS मान 78$^0$49' 28.90"E/ 29$^0$47' 11.10" N है चुने गये समरेखण/स्थल के बीच के स्थलों के GPS मान 78$^0$49' 48.00"E/ 29$^0$47' 15.80" N हैं। 78$^0$49' 10.50E/29$^0$47 14.20 N, 78$^0$50' 24.00"E/ 29$^0$47' 21.00" N है तथा अन्तिम भाग के GPS मान 78$^0$50' 38.43"E/ 29$^0$47' 13.44" N है।

चयनित समरेखण में कुल 60 पौधों को अन्य स्थानन्तरित (translocate)किया जाना आवश्यक होगा ।
चयनित उपयुक्त स्थल / समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क / वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है ।
चयनित उपयुक्त स्थल / समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा ।

इस समरेखण पर देवियोखाल– डाबरीसैण – डाबरी पल्ली – मुगयाखाल मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु ग्राम डाबरी पल्ली के **4 न0** स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका GPS मान (1) $78^0$49'33.38"E/ $29^0$46' 57.82." N (2) $78^0$49' 31.41."E/ $29^0$46' 55.83" N (3) $78^0$49' 28.54"E/ $29^0$47' 11.96" N (4) $78^0$49' 29.7175"E/ $29^0$47' 13.45" N हैं।

इस परियोजना का निर्माण जनहित में आवश्यक है प्रस्तावित मोटर मार्ग का निर्माण कार्य अभी आरम्भ नही किया गया है। वन अधिनियम 1980 के तहत स्वीकृति मिलने के पश्चात ही निर्माण कार्य आरम्भ किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अनिल कुमार नेगी)<br>अमीन<br>प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0। | विष्णु<br>अ0सहा0 अभियन्ता<br>प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0। | सहायक अभियन्ता<br>प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0<br>लैन्सडौन, गढ़वाल। | अधिशासी अभियन्ता<br>प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0<br>लैन्सडौन गढ़वाल। |
| दरवान सिह<br>वन वीट अधिकारी<br>ताड़केश्वर बीट। | श्री ध्यान सिह<br>वन दरोगा<br>अनुभाग अधिकारी<br>अधारियाखाल | वन क्षेत्राधिकारी<br>पोखड़ा राजि.<br>पोखड़ा | उपप्रभागीय वनाधिकारी<br>थैलीसैण उपवन प्रभाग<br>थैलीसैण |
| दीपक सिह नेगी<br>राजस्व उप निरीक्षक<br>पट्टी विचला बदपुर।<br>तहसील लैन्सडौन | प्रतिहस्ताक्षरित<br>तहसीलदार<br>लैन्सडौन। | प्रतिहस्ताक्षरित<br>उपजिलाधिकारी<br>लैन्सडौन। | प्रतिहस्ताक्षरित<br>जिलाधिकारी<br>गढ़वाल। |
| श्रीमती चन्द्रकला देवी<br>(क्षेत्र पंचायत सदस्य)<br>प्रतिनिधि | भुवनेश्वर प्रसाद<br>(जन प्रतिनिधि)<br>पूर्व ग्राम प्रधान<br>डाबरी पल्ली | उप प्रभागीय वनाधिकारी<br>गढ़वाल उप वन प्रभाग पौड़ी | प्रभागीय वनाधिकारी<br>गढ़वाल वन प्रभाग<br>पौड़ी |